सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज


**प्रेरणा**

धोखा उस फल का नाम होता है जो आसानी से किसी भी बाजार में मिल जाता है और बहुत खूबसूरत होता है।



मास्क जरूरी, नहीं कोई मजबूरी


www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-3 • 22 APRIL TO 28 APRIL 2022 • VOLUME-39 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184



INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE CONSULTING DESIGN TRAINING

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges & *Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD




E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply


# 400वें प्रकाश पर्व पर पीएम मोदी ने जारी किया विशेष सिक्का और डाक टिकट

## पहली बार सूर्यास्त के बाद लाल किले से किया संबोधित



**नई दिल्ली.** गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा सीसगंज साहिब समेत देशभर के गुरुद्वारों को बेहद खूबसूरती से सजाया गया। गुरुद्वारा सीसगंज साहिब गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी स्थान पर बना है जहां से थोड़ी दूर स्थित लाल किले में भी गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लाल किले में हो रहे इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से किया गया। इस खास मौके पर पीएम मोदी ने श्री गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश पर्व से जुड़ा विशेष सिक्का और डाक टिकट जारी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि ये लाल किला कितने ही अहम कालखण्डों का साक्षी रहा है। इस किले ने गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को भी देखा है और देश के लिए मरने-मिटने वाले लोगों के हौसले को भी परखा है। ये भारतभूमि, सिर्फ एक देश ही नहीं है बल्कि हमारी महान विरासत है, महान परंपरा है। इसे हमारे ऋषियों, मुनियों, गुरुओं ने सैकड़ों-हजारों सालों की तपस्या से सींचा है, उसके विचारों को समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है आज हमारा देश पूरी निष्ठा के साथ हमारे गुरुओं के आदर्शों पर आगे बढ़ रहा है। इस पुण्य अवसर पर सभी दस गुरुओं के चरणों में नमन करता हूं। आप सभी को, सभी देशवासियों को और पूरी दुनिया में गुरुवाणी में आस्था रखने वाले सभी लोगों को प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई देता हूं। दो दिवसी कार्यक्रम के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में रागी और बच्चे 'शब्द कीर्तन' में भाग ले रहे हैं। गुरु तेग बहादुर के जीवन को दर्शाने वाला एक भव्य लाइट एंड साउंड शो का भी आयोजन किया गया। इस खास मौके पर सिखों की पारंपरिक मार्शल आर्ट 'गतका' का भी आयोजन किया गया है। बुधवार से ही प्रकाश पर्व को लेकर आयोजित समारोह की शुरुआत हो गई थी। वहीं, देश के विभिन्न हिस्सों से आए रागी (भजन कीर्तन गायक) और बच्चे भी समारोह में शामिल हुए।

# पंजाब सरकार ने खेड़ा कलमोट क्षेत्र के सभी क्रशर किये सील

## अमृतसर और मोगा में स्वयं -संचालित माइनिंग साईटों की करेगा शुरूआत : हरजोत सिंह बैंस



**चंडीगढ़.** ग़ैर-कानूनी माइनिंग पर कार्यवाही करते हुये पंजाब के खनन और भूविज्ञान मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने आज अधिकारियों को रूपनगर जिले के नंगल शहर के पास के खेड़ा कलमोट क्षेत्र के सभी क्रशरों को तुरंत सील करने के निर्देश दिए हैं। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि खेड़ा कलमोट क्षेत्र में ग़ैर-कानूनी माइनिंग और कुदरत को नुकसान पहुँचाने की कार्यवाहियों की शिकायतें मिलने के उपरांत माइनिंग विभाग की तरफ से वीडीओग्राफी के लिए टीम भेजी गई थी और जांच के उपरांत खेड़ा कलमोट पट्टी के सभी क्रशरों को सील कर दिया गया है। हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान डिफालटरों के ख़िलाफ़ कई शिकायतें उठाई गई थीं और यह बताया जाता है कि पूर्व विधान सभा स्पीकर राणा के. पी. के दामाद के विरुद्ध भी ग़ैर-कानूनी माइनिंग के दोष लगे थे परन्तु उसे क्लीन चिट दे दी गई थी और उसके ख़िलाफ़ आज तक कोई सख़्त कार्यवाही नहीं की गई।

क्रशरों को बंद करने के निर्देश जारी करने के उपरांत कैबिनेट मंत्री ने माइनिंग अधिकारियों के साथ एक अहम मीटिंग की और उनको कानूनी और ग़ैर-कानूनी माइनिंग साईटों पर नियमित तौर पर चैकिंग करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सभी ठेकेदारों को सख़्ती से चेतावनी दी गई है कि वह माइनिंग विभाग के सभी बकाए तुरंत जमा करवाएं। ऐसा न करने की सूरत में उनके ठेके रद्द कर दिए जाएंगे और वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि माइनिंग विभाग की तरफ से अमृतसर और मोगा में आम लोगों को उचित मूल्य पर रेत की सप्लाई करने के लिए स्वयं-संचालित माइनिंग साईटों की भी शुरूआत की जायेगी। बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का ग़ैर-कानूनी माइनिंग के विरुद्ध व्यवहार बिल्कुल स्पष्ट है और इसको राज्य भर में किसी भी जगह पर किसी भी कीमत पर बरदाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग़ैर-कानूनी माइनिंग में शामिल व्यक्तियों के ख़िलाफ़ सख़्त कार्यवाही को यकीनी बनाने के साथ-साथ भ्रष्ट अधिकारियों को भी बक्शा नहीं जायेगा।

# मुख्यमंत्री द्वारा श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर लोगों को हार्दिक बधाईयां



**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरूवार को सिखों के नौवें गुरू श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के प्रकाश पर्व के मौके पर लोगों को बधाई दी। इस पवित्र मौके पर भगवंत मान नजदीकी ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नाभा साहिब में नतमस्तक हुए, जहाँ श्री गुरु तेग़ बहादुर जी का पवित्र शीश उनके धर्मनिष्ठ सेवक सिख बाबा जीवन सिंह जी (भाई जैता जी) लेकर आए थे, इस स्थान पर उनको श्री आनन्दपुर साहिब की ओर जाते समय गुरू साहिब के एक बुज़ुर्ग श्रद्धालु मुसलमान संत फ़क़ीर दरगाही शाह ने रुकने के लिए विनती की थी। इससे पहले अपने रिकार्ड किये वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने लोगों को 'हिंद की चादर' द्वारा दिए सर्वव्यापी भाईचारे, धार्मिक आज़ादी, सरबत के भले और मानवता की चढ़दीकला(भलाई) के शाश्वत संदेश पर चलने का न्योता दिया।

# विधायक अरोड़ा द्वारा स्टांप ड्यूटी के कम भुगतान के मामले का खुलासा



**जालंधर.** उपायुक्त घनश्याम थोरी ने सिविल लाइंस जालंधर स्थित एक कमर्शियल बिल्डिंग की सेल डीड में स्टांप ड्यूटी की वसूली के आदेश दिए हैं। यह आदेश उन्होंने जालंधर सेंट्रल से विधायक रमन अरोड़ा के साथ बैठक के दौरान दिया जब विधायक ने स्टांप शुल्क के कम भुगतान के मुद्दे का खुलासा किया। विधायक से मिली सूचना पर उपायुक्त ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सब रजिस्ट्रार-1 मनिंदर सिंह सिद्धू को कानून के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिसके बाद सिद्धू ने भारतीय स्टांप एक्ट की धारा 47ए के तहत मामले को एडीसी (ज) के पास भेज दिया है।

## बिना स्ट्रीट लाइट जलाए दिन में भी रास्ते को नहीं देख पा रहे नगर-निगम कर्मचारी

# गैर जरूरी ख़पत को नहीं रोका गया तो आने वाले दिनों में पंजाब में बिजली संकट और गहरा सकता है

• **जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्टर

कुछ दिन पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा 1 जुलाई 2022 से राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं को दो महीने के लिए 600 यूनिट्स मुफ्त में दिए जाने की घोषणा की गई थी। जिससे आगे पड़ने वाली भीषण गर्मियों में लोगों को भारी-भरकम बिल भरने से राहत मिल सकती है। लेकिन पंजाब सरकार की इस घोषणा के बाद नगर निगम जालंधर स्ट्रीट लाइट ब्रांच के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहर में रात्रि के समय स्ट्रीट लाइट्स को चला तो देते हैं लेकिन आलम यह है कि वे इसे दिन के उजाले में भी बंद नहीं करते। इनके इस कोताही के कारण लाखों यूनिट बिजली यू ही जाया जा रही है।

चिंता का विषय यह है कि देश में कोयला संकट गहराया हुआ है जिससे पंजाब में कई पावर प्लांट्स के पास जरूरत के मुताबिक कोयला भी शेष नहीं बचा है जिससे बिजली पैदा की जा सके। ऐसे में अगर बिजली की गैर जरूरी ख़पत को नहीं रोका गया तो आने वाले दिनों में बिजली संकट और गहरा सकता है।

बता दें कि जालंधर शहर के वार्ड नंबर 66 और ज्योति चौक से लेकर पटेल चौक एरिया में स्ट्रीट लाइट ठेका कंपनी द्वारा न तो स्ट्रीट लाइट्स पर ऑन-ऑफ के लिए टाइमर लगाया गया है और न ही बिजली खपत के लिए पीएसपीसीएल विभाग से कोई मीटर अप्लाई किया गया है। ऐसे में इन स्ट्रीट लाइटों को मैनुवल ही ऑन या ऑफ किया जाता है। इससे समस्या और ज्यादा गंभीर हो गई है क्योंकि संबंधित कर्मचारी दोपहर तक इसे बंद करने नहीं आते। ऐसा मामला किसी एक इलाके का नहीं बल्कि शहर में अलग-अलग इलाकों में भी देखे जा सकते हैं। जिसका सीधा नुकसान बिजली विभाग के साथ-साथ आम आदमी को हो रहा है।

जिक्रयोग्य है कि नगर निगम जालंधर में स्ट्रीट लाइट का मुद्दा हमेशा विवादों में रहा है। पहले जब अकाली-भाजपा के पूर्व मेयर सुनील ज्योति द्वारा 100 करोड़ की ज्यादा रकम के टेंडरों को पास करवाया गया था, उसे पिछली सरकार में लोकल बॉडी मंत्री रहते नवजोत सिंह सिद्धू द्वारा रद्द कर दिया गया था और बाद में 50 करोड़ से कम लागत वाले इस प्रोजेक्ट को पास करके सारे शहर में एलईडी लाइट्स लगाई गई थी। परन्तु उस पर भी पार्षदों द्वारा काफी रोष प्रकट किया गया था और पार्षद द्वारा कहा गया था कि कंपनी के कर्मचारी सिर्फ लाइट्स बदल रहे हैं और बाकी कोई भी समान कंपनी द्वारा बदला नहीं गया।

गौरतलब है कि पिछले साल सरकार द्वारा इस कार्य के लिए नगर-निगम के इलेक्ट्रिकल विभाग में जेई एसडीओ को प्रमोट करके इसी फील्ड में लगाया गया था। लेकिन वह इन दिनों शायद किसी और कार्य में व्यस्त होकर आम जनता के द्वारा दिए गए टैक्सों का नुकसान करवा रहा है।

अब आने वाले दिनों में देखते हैं कि नगर-निगम के अधिकारी पीएसपीसीएल विभाग से मुफ्त में ले रहे बिजली कब तक उड़ाते हैं या फिर शहर में स्ट्रीट लाइट्स के ऊपर टाइमर लगा बिजली बचाकर सरकार द्वारा दिए गए 600 यूनिट्स बिजली लोगों को मुफ्त में दिए जाने की घोषणा को पूरा करने में उपयोगी साबित होते हैं।












# पॉपुलर ब्रांडस ने मजाकिया अंदाज में आलिया-रणबीर को दी बधाई, सोशल मीडिया पोस्ट देख छूट जाएगी आपकी हंसी







• **जालंधर ब्रीज.** रिपोर्टर

आलिया और रणबीर ने 14 अप्रैल को शादी रचा ली है। बी टाउन से लेकर सोशल मीडिया हर जगह बस इसी कपल की चर्चा हो रही है। इस कड़ी में अब पॉपुलर ब्रांड्स के भी नाम जुड़ गए है। जो इन्हें खास अंदाज में बधाई दे रहे हैं। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को देशभर से शादी की बधाइयां मिल रही हैं। रणबीर-आलिया की शादी संपन्न हो चुकी है। ऐसे में सोशल मीडिया पर हर तरफ बॉलीवुड के नए पॉवर कपल की तस्वीरें खूब ट्रेंड कर रही हैं।

इस नए कपल के ऊपर ना सिर्फ सेलेब्स बल्कि फैंस भी अपना प्यार जमकर लुटा रहे हैं। बी टाउन से लेकर सोशल मीडिया हर जगह बस इसी कपल की चर्चा हो रही है। इस कड़ी में अब पॉपुलर ब्रांड्स के भी नाम जुड़ गए है। जैसे Netflix India, Swiggy, Zomato, Pizza Hut and Dominos सबके सब अपने ही अंदाज में बधाई दे रहे हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया ने रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को शादी की खास अंदाज में बधाई दी। नेटफ्लिक्स ने वीडियो शेयर किया है। जिसमें रणबीर डायलॉग बोलते दिख रहे हैं- हर चीज का एक सही समय होता है और आज इसका है। इसके बाद वीडियो में आलिया भट्ट भी नजर आ रही हैं। ये सीन रणबीर की फिल्म ये जवानी है दीवानी का है ने भी खास अंदाज में बधाई देते हुए लिखा, 'अगर स्टूडेंट ऑफ द ईयर और सेल्सपर्सन ऑफ द ईयर को स्टार्ट-अप ऑफ द ईयर से कुछ चाहिए, तो हमें बताएं।' जानकारी के लिए बता दें कि रणबीर सिंह की फिल्म सेल्समैन ऑफ द ईयर साल 2009 में रिलीज हुई थी, जबकि आलिया भट्ट की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर साल 2012 में आई थी। इसी बीच स्विगी ने भी रणबीर कपूर की फिल्म ये जवानी है दीवानी का एक डॉयलॉग कोट करते हुए उन्हें बधाई दी।

लोकप्रिय पिज्जा चेन डोमिनोज और पिज्जा ने भी खास अंदाज में बधाई दी। एक जहां डोमिनोज ने आलिया और रणबीर की तुलना पिज्जा टॉपिंग से की, वहीं पिज्जा हट ने भी खास अंदाज में बधाई देकर खूब सुर्खियां बटोरी। गौरतलब है कि आलिया और रणबीर ने 14 अप्रैल को शादी रचा ली है। इसके साथ ही दोनों ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर शादी से जुड़ी काफी फोटोज शेयर की है। जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। इन तस्वीरों रणबीर और आलिया की बॉन्डिग साफ देखी जा सकती है।

KNOWLADGE

## शर्ट में ये छोटा सा क्लॉथ लूप तो सबने देखा होगा, आपकी शर्ट में भी होगा! मगर इसका काम क्या होता है?



हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सारी चीजें सामान्य होती हैं, जिनका हम हर दिन इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उसपे बहुत गौर नहीं करते हैं। अब अपनी शर्ट को ही ले लीजिए। हर दिन आप इसे पहनते होंगे! स्कूल, कॉलेज या ऑफिस जाते समय आपने एक इस्तरी की हुई शर्ट निकाली और पहन कर निकल गए। इसके बारे में आप ज्यादा नहीं सोचते हैं। लौटने के बाद आप इसे हैंगर में लटकाकर निश्‍चित हो जाते होंगे। लेकिन अगर हैंगर न हो तो आप क्या करेंगे?

हैंगर में शर्ट टांग देने से उसकी इस्तरी खराब नहीं होती यानी शर्ट पर झुर्रियां नहीं आती। लेकिन हैंगर न हो और आप उसे जैसे तैसे टांग किसी खूंटी पर टांग देंगे तो आपकी शर्ट खराब हो जाएगी। खैर एक बात बताइए, आपकी शर्ट के पीछे, जहां प्लीट यॉक से मिलती है, वहां एक छोटा लूप होता है।। क्या आपने कभी गौर किया है? क्या आपने कभी सोचा है कि यह किस लिए होता है?

अगर अब तक नोटिस नहीं किया तो अब करें। वह कोई डिजाइन नहीं है, बल्कि प्रॉपर इस्तेमाल किए जाने वाली चीज है। उन दिनों में जब वार्डरोब नहीं हुआ करते थे, इन्हीं लूपों का इस्तेमाल शर्ट को लटकाने के लिए किया जाता था, उस पर झुर्रियां नहीं पड़ती थीं। आज भी जिन्हें इस बात की जानकारी है, वे ऐसा किया करते हैं।

टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, 1960 के दशक में अमेरिका द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड बटन डाउन शर्ट के साथ यह चलन शुरू हुआ और लोकप्रिय हो गया। मेकर्स ने इसे 'लॉकर लूप' नाम दिया था। हालांकि बाद में इसे फेयरी लूप, फैग टैग या फ्रूट लूप कहा जाने लगा। इस चलन को कई अन्य ब्रांडों ने भी उठाया और यह आज तक जारी है।

वार्डरोब और हैंगर के आने के बाद से इस लूप को डिजाइन के तौर पर देखा जाने लगा। हालांकि हैंगर न हो तो आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। यह यूजफुल है, क्योंकि जब आप शर्ट उतारें तो हैंगर न होने पर उसे यूं ही न पटक दें, बल्कि इसी क्लॉथ लूप की सहायता से किसी हैंगर पर या सही जगह टांग दें। इससे आपकी शर्ट में सिकुड़न नहीं आएगी।






## रोजाना खाना खाने के बाद टहलने से शरीर को मिलते हैं तमाम फायदे, जानें इसके बारे में

रोजाना खाना खाने के बाद 20 से 30 मिनट की वॉक करने से सेहत को कई तरह के फायदे मिलते हैं। इससे आपका शरीर तमाम बीमारियों से बचा रहता है। जानिए रोजाना खाने के बाद टहलने के तमाम फायदे।



**दिनभर** की भागदौड़ के बाद रात में हालत ऐसी हो जाती है कि लोग रात का खाना खाते ही बिस्तर पर पहुंच जाते हैं। अगर आप भी रोजाना ऐसा ही करते हैं, तो संभल जाइए। आपकी ये आदत आपको तमाम बीमारियों का शिकार बना सकती है। विशेषज्ञों की मानें तो खाना खाने के बाद कम से कम 20 से 30 मिनट की वॉक करना बहुत जरूरी होता है। इससे आपका पाचन तंत्र तो बेहतर होता ही है, साथ ही कई बीमारियों से बचाव होता है। जानें डिनर के बाद टहलने से शरीर को क्या फायदे मिलते हैं।

**जानें खाने के बाद टहलने के फायदे** : मेटाबॉलिज्म होता बूस्ट रात को खाने के बाद करीब आधा घंटे की वॉक से आपकी कैलोरी काफी तेजी से बर्न होती है और आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। आपको पाचन से जुड़ी समस्याएं नहीं होतीं और आपको कब्ज, अपच, गैस आदि परेशानियां नहीं सतातीं। साथ ही मोटापा बढ़ने का रिस्क कम होता है।

**नींद आती बेहतर :** रात को रोजाना टहलने से आपको नींद बेहतर आती है। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इससे आपका माइंड तनावमुक्त होता है और आपको नींद अच्छी आती है। नींद अच्छी आने से स्वास्थ्य भी बेहतर होता है।

इम्यून सिस्टम बेहतर होता : हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम जितना बेहतर होता है, रोग की चपेट में आने की आशंका उतनी ही कम हो जाती है। रोजाना पैदल चलने से हमारे आंतरिक अंग बेहतर तरीके से काम करते हैं और इम्यून सिस्टम मजबूत होता है।

**शुगर लेवल रहता नियंत्रित :** जिन लोगों को डायबिटीज है, उनके लिए तो टहलना बहुत ही जरूरी बताया गया है। टहलने से शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। इपरग्लेसेमिया का खतरा भी कम हो जाता है। अगर आपको डायबिटीज नहीं है, तो रोजाना खाने के बाद टहलने से आप डायबिटीज के खतरे से बचे रहते हैं।

**तनाव कम करता :** दिन भर काम करने के बाद शरीर तो थकता ही है, साथ ही तमाम टेंशन्स दिमाग में होती हैं। रोजाना टहलने से ये टेंशन कम होती है और मन शांत होता है। आजकल तमाम समस्याओं की वजह तनाव को माना जाता है। तनाव कम होने से ये समस्याएं भी नियंत्रित हो जाती हैं।

## इंसान एक ही गाना बार-बार क्यों गुनगुनाता है

कई बार इंसान एक गाना सुनता है और दिनभर वही गुनगुनाता रहता है। कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है। ऐसे गाना जो इंसान की जुबान पर अटक जाता है, उसे ईयरवॉर्म्स कहते हैं। इंसान एक ही गाना बार-बार क्यों गाता है, इस पर वैज्ञानिकों ने रिसर्च की। अमेरिकन साइकोलॉजी एसोसिएशन के जर्नल में पब्लशि रिसर्च कहती है, अगर कोई धुन काफी अलग है और सुरीली भी है तो उसे आसानी से याद रखा जा सकता है। जानिए, ऐसा क्यों होता है...

वैज्ञानिक कहते हैं, सुरीला और अलग तरह की धुन वाले गाने दिमाग में ठीक वैसे ही अटक जाते हैं जैसे कम्प्यूटर बिना कमांड के कोई प्रोग्राम बार-बार खोल देता है। ऐसा होने पर दिमाग एक ही संगीत की कल्पना बार-बार करता रहता है। ऐसा क्यों होता है, अब इसकी वजह जान लेते हैं। रिसर्च कहती है, इसके लिए दिमाग का ऑडिटरी कॉर्टेक्स वाला हिस्सा जिम्मेदार होता है।



ऑडिटरी कॉर्टेक्स इंसान के दिमाग का वो हिस्सा है जो किसी बात को सुनने के बाद एक अलग तरह से व्यवहार के रूप में रिएक्ट करता है। आसान भाषा में समझें तो दिमाग का यह हिस्सा किसी गाने को सुनने के बाद उसे बार-बार सुने जाने की कल्पना करता है। इसी कल्पना के कारण इंसान की जुबान पर वही गाना बार-बार आता है और दिनभर वो गुनगुनाता रहता है।

इस बात को समझने के लिए अमेरिका की डार्टमाउथ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने रिसर्च की। रिसर्च के दौरान लोगों को ऐसा गाना सुनाया गया जिसे वो पहले भी कभी सुन चुके थे। प्रयोग के दौरान सामने आया कि गाना बंद होने के बाद भी ऑडिटरी कॉर्टेक्स वाला हिस्सा सक्रिय हो गया नतीजा, वही गाना इंसानों में कई बार दोहराया।

वैज्ञानिकों का कहना है, इंसानों के बार-बार ऐसा करने को दिमागी खुजली कहते हैं। अगली बार जब भी आपको कोई गाना पसंद आए और आप दिनभर उसे गाएं तो एक बात जरूरी गौर कीजिएगा कि वो गाना आपको क्यों इतना अच्छा लग रहा है? शायद आपका जवाब वही हो जो रिसर्च में वैज्ञानिकों ने बताया है।

## धनिये के पत्ते और खीरे की स्मूदी का सेवन करने से मिलते हैं ये बेनेफिट्स

KNOW YOUR FOOD

**खीरे और धनिये की स्मूदी का सेवन करने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहेगा। ऐसे में भूख कम लगेगी और आप खाने की क्रेविंग से बच पाएंगे। वैसे इन दोनों इंग्रेडिएंट्स की स्मूदी के कई अन्य हेल्थ बेनिफिट्स भी हैं। हम आपको इन्हीं हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में बताने जा रहे हैं।**

गर्मियों में हेल्दी और फिट रहने के लिए ज्यादातर लोग खीरे का सेवन करते हैं। कहते हैं कि इसमें 96 फीसदी पानी होता है और इसी कारण ये हेल्थ और स्किन के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। गर्मियों के मौसम में ज्यादातर लोग अपनी डाइट में खीरे का इस्तेमाल करते हैं। खीरे में विटामिन बी 6, विटामिन के, विटामिन सी, कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, जैसे कई अहम पोषक तत्व मौजूद होते हैं। खीरे को लोग कई तरीकों से खाते हैं, जिनमें से एक तरीका इसकी स्मूदी बनाकर इसका सेवन करना भी है। खीरे के साथ आप धनिये के पत्तों को मिलाकर स्मूदी बना सकते हैं। इस स्मूदी की खासियत है कि अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो इसे अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इस स्मूदी का सेवन करने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहेगा। ऐसे में भूख कम लगेगी और आप खाने की क्रेविंग से बच पाएंगे। वैसे इन दोनों इंग्रेडिएंट्स की स्मूदी के कई अन्य हेल्थ बेनिफिट्स भी हैं। हम आपको इन्हीं हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

**शरीर रहेगा हाइड्रेट :** खीरे और धनिये से बनी स्मूदी का सेवन सुबह या दोपहर के समय करना चाहिए। दरअसल, गर्मियों में लोग काम के सिलसिले में घर से बाहर निकलते हैं और इस दौरान अधिक एनर्जी खर्च होती है। ऐसे में शरीर का अंदर से हाइड्रेट रहना बहुत जरूरी है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक खीरे और धनिये की स्मूदी को सुबह या दोपहर में खाने से शरीर में पानी की कमी दूर हो जाती है। साथ ही धनिया पेट को ठंडा रखने में मददगार होता है।

**वजन घटाने में मददगार :** अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो इस गर्मी में खीरे और धनिये से बनी हुई स्मूदी का सेवन नियमित रूप से जरूर करें। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसे खाने से शरीर में पोषक तत्वों की कमी नहीं रहेगी। कई बार लोग वजन घटाने के चक्कर में शरीर में पोषक तत्वों की कमी कर लेते हैं और फिर उन्हें चक्कर आना या लो बीपी की जैसी समस्याएं तंग करने लगती है। खीरे और धनिये की स्मूदी का सेवन करने से ये समस्याएं आपसे दूर रहेंगी।



**स्किन के लिए :** स्किन को ग्लोइंग और हेल्दी बनाने के लिए ब्यूटी रूटीन के अलावा सही डाइट का फॉलो किया जाना भी जरूरी है। गर्मियों में स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए ऐसी सब्जियों और फलों का सेवन करने की सलाह दी जाती है, जिनमें पानी की मात्रा ज्यादा हो। खीरे में पानी की भरमार होती है और इसी कारण इसका सेवन स्किन के लिए फायदेमंद होता हो। हफ्ते में तीन बार खीरे और धनिये की स्मूदी को जरूर खाएं।

NEWS

## जीतन राम मांझी के भगवान राम पर दिए गए बयान पर भड़के अनिल विज, बोले- ये व्यक्ति धरती पर बोझ है

*जीतन राम मांझी ने कहा कि रामायण में बहुत सी अच्छी बातें लिखी हैं, इसलिए हम उसे मानते हैं। लेकिन राम को नहीं मानते हैं। इसके साथ ही मांझी ने कहा कि देश के सारे सवर्ण और उच्च जाति कहलाने वाले लोग बाहरी हैं।*



**जीतन राम** मांझी के भगवान राम वाले बयान पर हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह व्यक्ति धरती पर बोझ है। भगवान राम लोगों के रोम-रोम में समाए हुए हैं। देश में हिंदुओं की बहुमत है, उनकी राम में आस्था है और ऐसे में इस तरह की बातें करना बहुत गैर-जिम्मेदाराना है। वहीं विज ने कोरोना के मामलों पर कहा कि हरियाणा में सिर्फ गुड़गांव और फरीदाबाद में कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। मैंने अपने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी राजीव अरोड़ा को जांच के निर्देश दिए हैं, कारणों का पता चलने के बाद कोरोना का इंतज़ाम किया जाएगा।

बिहार में एनडीए की प्रमुख सहयोगी दल HAM के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी ने भगवान राम को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया था। मांझी ने कहा है कि मैं राम को भगवान नहीं मानता, वे काल्पनिक पात्र हैं। उन्होंने कहा कि राम भगवान थोड़े ही थे, वह तो तुलसीदास और वाल्मीकि रामायण के पात्र थे।

**सवर्णों को बताया बाहरी :** उन्होंने आगे कहा कि रामायण में बहुत सी अच्छी बातें लिखी हैं, इसलिए हम उसे मानते हैं, पर राम को नहीं मानते हैं। इसके साथ ही मांझी ने कहा कि देश के सारे सवर्ण और उच्च जाति कहलाने वाले लोग बाहरी हैं वे भारत के मूल निवासी नहीं हैं। मांझी ने लोकमान्य तिलक और पंडित जवाहर लाल नेहरू के हवाले से कहा कि अतिपिछड़े, आदिवासी और दलित ही भारत देश के मूल निवासी हैं। बड़े और कथित उच्च जाति कहलाने वाले लोग बाहरी हैं। वे बाहर से भारत में आए हैं।

**पूजा-पाठ करने से किया मना :** जीतनराम मांझी ने कहा रामायण में है कि सबरी के जूठे बेर को राम ने खाया था, आज हम लोगों के यहां कोई खाना नहीं खाता है। इसके साथ ही जीतनराम मांझी ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों को पूजा नहीं करनी चाहिए। क्योंकि पूजा-पाठ करने से कोई बड़ा नहीं होता है। जो ब्राह्मण मांस खाते हैं, शराब पीते हैं और झूठ बोलते हैं वैसे ब्राह्मणों से पूजा-पाठ कराना पुण्य नहीं बल्कि पाप है। ऐसे ब्राह्मणों से दूर रहनी चाहिए।

## भारत में चीन और पाकिस्तान से भी महंगी होगी 5G सर्विस? स्पेक्ट्रम की कीमतों से मोबाइल कंपनियां परेशान

• **जालंधर ब्रीज.** दिल्ली

भारत में 5G मोबाइल सर्विस की तैयारी लगभग पूरी है। कई मोबाइल ऑपरेटर ने इसका ट्रायल शुरू कर दिया है, कुछ ने पूरा भी कर लिया है। लेकिन इस बीच सबसे बड़ा मसला 5G सर्विस के खर्च का है। मोबाइल कंपनियां अपने हाथ खड़े कर रही हैं। आपको याद हो तो स्पेक्ट्रम की नीलामी में देरी भी इसीलिए हुई क्योंकि इतने पैसे मांगे जा रहे थे कि कंपनियां तैयार नहीं हुईं। अब 5G एयरवेव के लिए सरकार ने 36 फीसदी दाम घटाने की बात कही है, तो मोबाइल कंपनियों में कुछ सुगबुगाहट है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सरकार को सुझाव दिया है कि 36 परसेंट तक 5G के रेट घटाए जा सकते हैं। भारत में 3.3-3.67 Ghz एयरवेव को 5G स्पेक्ट्रम बैंड में रखा गया है। 700 Mhz एयरवेव के लिए भी रेट में 40 फीसदी कटौती की सिफारिश की गई है। इन सभी बातों के बावजूद मोबाइल कंपनियां 5G में अपनी दिलचस्पी नहीं दिखा रहीं। कंपनियों का कहना है कि कटौती के बावजूद रेट बहुत अधिक है। उनकी मांग है कि सरकार 5G की कीमतों में 90 फीसदी तक कटौती करे, तब जाकर कुछ बात बनेगी। कंपनियों का तर्क है कि एयरवेव सस्ते होंगे तो आम लोगों को भी सस्ती मोबाइल सर्विस दी जा सकेगी। स्पेक्ट्रम खरीद पर ही अधिक पैसा खर्च हो जाए तो सर्विस कैसे सस्ती हो सकती है।



**कब लॉन्च होगी 5जी सर्विस :** कई अलग-अलग रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि 5G स्पेक्ट्रम की नीलामी अगर समय पर हो जाए तो उम्मीद है कि भारत में इसकी सर्विस 2022 के अंत तक शुरू हो जाएगी। कई बार ऐसी खबरें आईं कि मई में नीलामी होगी, बाद में इसके जुलाई-अगस्त में पूरा होने की बात कही गई। जब तक ऑक्शन या नीलामी का काम पूरा नहीं होगा, तब तक 5G सर्विस शुरू होने की निश्चित तारीख बताना मुश्किल है। टेलीकॉम विभाग या डीओटी के मुताबिक, इस साल सिर्फ 13 मेट्रो शहरों को सबसे पहले 5G सेवाओं का अनुभव मिलेगा। इनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, गुरुग्राम, चंडीगढ़, बैंगलोर, अहमदाबाद, जामनगर, हैदराबाद, पुणे, लखनऊ और गांधीनगर शामिल हैं। 5G नेटवर्क से यूजर को 4G सेवाओं की तुलना में 10 गुना तेज डाउनलोड स्पीड मिलने की उम्मीद है।

### ट्राई की दलील

ट्राई का कहना है कि भारत उन देशों में शामिल है जहां 5G स्पेक्ट्रम की कीमत सबसे कम है। प्रति कैपिटा के आधार पर देखें तो भारत में 5G का दाम सबसे कम पड़ रहा है। लेकिन मोबाइल प्रोवाइडर कंपनियां ट्राई के इस तर्क से इत्तिफाक नहीं रखतीं और उनका कहना है कि वैश्विक आधार पर प्रति कैपिटा के आधार पर 5G की कीमतें तय नहीं कर सकते। मोबाइल कंपनियों ने एआरपीयू के आधार पर बताया है कि भारत में प्रति कैपिटा का बेंचमार्क अप्लाई नहीं कर सकते। मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों ने कहा है कि प्रति Mhz की दृष्टि से देखें तो भारत में 5G एयरवेव सबसे महंगा साबित हो रहा है। चीन, जर्मनी, यूके, ब्राजील और यहां तक कि पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी यह महंगा पड़ रहा है, अगर एनुअल रेकरिंग टेलीकॉम रेवेन्यू के आधार पर 5G का स्पेक्ट्रम खर्च देखें। 'ET' की एक रिपोर्ट बताती है कि ऑस्ट्रिया, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, यूके, साउथ कोरिया और इटली से अधिक भारत में 5G स्पेक्ट्रम के दाम हैं।

## घर पहुंची पुलिस तो कुमार विश्वास ने भगवंत मान को दी चेतावनी, कहा- दिल्ली में बैठा आदमी तुम्हें भी धोखा देगा



**दिल्ली.** देश की राजधानी दिल्ली में आदमी पार्टी के पूर्व नेता और कवि कुमार विश्वास के घर पुलिस के पहुंचने की खबर है। विश्वास के घर पुलिस के पहुंचने के बाद उन्होंने ट्वीट कर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तंज कसा है। उन्होंने लिखा, सुबह-सुबह पंजाब पुलिस द्वार पर पधारी है। कुमार विश्वास ने ट्वीट किया, 'सुबह-सुबह पंजाब पुलिस द्वार पर पधारी है। एक समय, मेरे द्वारा ही पार्टी में शामिल कराए गए भगवंत मान को आगाह कर रहा हूं कि तुम, दिल्ली में बैठे जिस आदमी को, पंजाब के लोगों की दी हुई ताक़त से खेलने दे रहे हो वो एक दिन तुम्हें व पंजाब को भी धोखा देगा। देश मेरी चेतावनी याद रखे।'

दरअसल, जानकारी के मुताबिक बता दें कि पंजाब विधानसभा चुनाव के दौरान कुमार विश्वास ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर गंभीर आरोप लगाए थे। कुमार विश्वास का दावा था कि अरविंद केजरीवाल ने उनसे कहा था कि एक दिन या तो वह पंजाब के मुख्यमंत्री बनेंगे या एक स्वतंत्र राष्ट्र (खालिस्तान) के पहले प्रधानमंत्री बनेंगे। हालांकि केजरीवाल ने इस पर पलटवार करते हुए खुद को स्वीट आतंकी कहा था जो लोगों के लिए स्कूल और अस्पताल खुलवाता है। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, कुमार विश्वास के हालिया बयान के बाद उन्हें सुरक्षा की पेशकश की जा सकती है।

## पंजाब नेशनल बैंक को हजारों करोड़ का चूना लगाने वाले मेहुल चौकसी के खिलाफ बड़ा एक्शन, IT डिपार्टमेंट ने संपत्ति सीज की

*मेहुल चौकसी के खिलाफ एक्शन तेज हो गया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने मेहुल चौकसी की संपत्ति को सीज करना शुरू कर दिया है। मेहुल चौकसी पर बैंक को हजारों करोड़ का चूना लगाने का आरोप है और वह फरार चल रहा है।*

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



पंजाब नेशनल बैंक को हजारों करोड़ का चूना लगाने वाले मेहुल चौकसी के खिलाफ इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का एक्शन तेज हो गया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने मेहुल चौकसी की संपत्ति को सीज करना शुरू कर दिया है। नासिक में उसकी 9 एकड़ की एग्रिकल्चर लैंड प्रॉपर्टी भी सीज कर दी गई है। पिछले महीने केंद्र सरकार ने राज्यसभा में जानकारी दी थी कि भगोड़े व्यापारी विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी की 19111 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है। यह कार्रवाई 15 मार्च तक की है। विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी ने पब्लिक सेक्टर बैंकों को मिलकर 22585 करोड़ का चूना लगाया है। इसके लिए रिकॉर्ड डेट 15 मार्च 2022 है। इसके विरुद्ध तीनों बिजनेसमैन के 19111 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अलावा केंद्र सरकार ने भी 335 करोड़ की संपत्ति सीज की है। साल 2018 में पंजाब नेशनल बैंक के साथ हजारों करोड़ के घोटाले का खुलासा हुआ था। मेहुल चौकसी और नीरव मोदी ने लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स की मदद से बैंकों को हजारों करोड़ का चूना लगाया है।

**नीरव मोदी का करीबी हुआ गिरफ्तार :** इधर पीएनबी स्कैम में सीबीआई को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीबीआई की टीम नीरव मोदी के करीबी सुभाष शंकर को मिस्र के काहिरा शहर से मुंबई लेकर आई है। इस बात की जानकारी सीबीआई सूत्रों ने दी है। सीबीआई लंबे समय से बैंक धोखाधड़ी मामले पर काम कर रही है और सुभाष शंकर को देश वापस लाने की कोशिश कर रही थी। 2018 में इंटरपोल ने 2 अरब डॉलर के पीएनबी घोटाले की जांच कर रही सीबीआई के अनुरोध पर नीरव, उसके भाई निशाल मोदी और उसके कर्मचारी सुभाष के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था।

**फायरस्टार डायमंड में महाप्रबंधक था सुभाष शंकर :** इंटरपोल ने चार साल पहले मुंबई की एक विशेष अदालत में सीबीआई द्वारा दायर आरोपपत्र और वहां के विशेष न्यायाधीश जेसी जगदाले द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) जारी किया था। एक भगोड़े के खिलाफ जारी अपने रेड कॉर्नर नोटिस में इंटरपोल ने अपने 192 सदस्य देशों को उस व्यक्ति को गिरफ्तार करने या हिरासत में लेने के लिए कहा था, जिसके बाद प्रत्यर्पण या निर्वासन की कार्यवाही शुरू हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि सुभाष फायरस्टार डायमंड में उप महाप्रबंधक (वित्त) था। अधिकारियों ने बताया कि नीरव मोदी और उसके मामा मेहुल चोकसी की संलिप्तता वाला मामला सामने के बाद से परब फरार था।

### यूएई में रहने की योजना

## यूएई में रहना हुआ और आसान, सरकार ने लागू की नई रेजिडेंस स्कीम, बिना झंझट आसानी से मिलेगी एंट्री

संयुक्त अरब अमीरात की कैबिनेट ने अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूती देने और उसमें विदेशियों के योगदान को बढ़ाने के लिए नए नियमों को मंजूरी दी है। जिसके तहत विदेशियों के देश में प्रवेश और निकास को पहले से आसान बना दिया गया है। एक बयान के अनुसार, 'प्रवेश और निवास करने की नई प्रणाली का उद्देश्य दुनियाभर के टैलेंट और कुशल श्रमिकों को आकर्षित करना, जॉब मार्केट को अधिक प्रतिस्पर्धा वाला बनाकर वहां लचीलेपन को बढ़ावा देना और यूएई के निवासियों और परिवारों के बीच स्थिरता की उच्च भावना को बढ़ावा देना है।' यूएई में विदेशी दशकों से अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार रहे हैं और मूल आबादी से भी अधिक संख्या में देश में निवास करते हैं।




**निवास और प्रवेश से जुड़ी नई जानकारी**- गोल्डन रेजिडेंस स्कीम (निवास योजना) में पात्रदा मानदंड को सरल बनाकर लाभार्थियों की श्रेणी का विस्तार किया गया है। निवेशकों, उद्यमियों, असाधारण प्रतिभाओं, वैज्ञानिकों, पेशेवरों, प्रतिभावान छात्रों, सनातकों, मानवीयता के लिए काम करने वालों और फ्रंट लाइन हीरोज के लिए 10 साल के निवेश का प्रावधान है।

गोल्डन स्कीम पे रहने वाले लोग अपने परिवारों को भी स्पॉन्सर कर सकें, इसके लिए संशोधन किया गया है। गोल्डन रेंजिडेंस को वैध रखने के लिए यूएई से बाहर रहने के लिए अधिकतम अवधि को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं है।

रियल एस्टेट में निवेश करने वाले कम से कम 2 मिलियन दिरहम (544,500 डॉलर) तक की संपत्ति खरीदने पर गोल्डन रेजिडेंस स्कीम का लाभ उठा सकते हैं।

**ग्रीन रेजिडेंस**- यूएई में बिना किसी नियोक्ता या स्पॉन्सर के फ्रीलांसर और सेल्फ-एंप्लॉयड लोग 5 साल तक निवास कर सकते हैं। निवेशकों और पार्टनर्स के लिए ग्रीन रेजिडेंस- कमर्शियल गतिविधियों में हिस्सा लेने या इससे जुड़ा कोई काम करने पर निवेशकों को 5 साल तक के निवास की सुविधा होगी। पहले ये सुविधा 2 साल तक थी। नई श्रेणियां- टैलेंट, कुशल श्रमिकों, स्किल आधारित प्रोफेशनल, फ्रीलांसर, निवेशक और उद्यमियों के लिए 5 साल तक निवास की सुविधा।

**नई एंट्री के लिए वीजा**- पहली बार बिना किसी स्पॉन्सर या होस्ट के नई तरह के वीजा की शुरुआत की गई है। सभी तरह के एंट्री वीजा उपलब्ध हैं, चाहे फिर एक बार प्रवेश करना हो या कई बार। इसे समान अवधि के लिए रिन्यू कराया जा सकता है और यह जारी होने की तारीख से अगले 60 दिनों तक वैध भी रहेगा।

**नौकरी से संबंधित वीजा**- इसके लिए भी किसी स्पॉन्सर या होस्ट की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए स्किल के आधार पर लेवल निधारित किए गए हैं, जैसे लेवल 1, लेवल 2 और लेवल 3। न्यूनतम लेवल स्नातक (ग्रेजुएशन) की डिग्री या इसके बराबर दूसरी डिग्री है।

**बिजनेस एंट्री वीजा**- ये वीजा यूएई में निवेश और व्यापार के अवसरों को विकसित करने और निवेशकों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाएगा। इसमें भी स्पॉन्सर या होस्ट की जरूरत नहीं होगी।

**टूरिस्ट वीजा**- इस वीजा की मदद से 5 साल तक कई बार देश में प्रवेश किया जा सकता है। इसके लिए भी स्पॉन्सर की जरूरत नहीं है। बस 4000 डॉलर का बैंक बैलेंस होना आवश्यक है।

## एलन मस्क के निशाने पर आए ट्विटर के बोर्ड मेंबर्स, कहा- चल गया मेरा दांव तो हो जाएंगे बेरोजगार

*ट्विटर की 100 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऑफर देने के बाद दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति एलन मस्क ने कंपनी के बोर्ड को निशाने पर लिया है। मस्क ने कहा कि अगर उनका दांव चल जाता है तो ट्विटर बोर्ड के लोग बेरोजगार हो जाएंगे।*



एलन मस्क और ट्विटर इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है। ट्विटर के सबसे बड़े शेयर धारक बनने के बाद मस्क ने कंपनी की 100 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऑफर कर दिया। ऐसे में कंपनी को बचाने के लिए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 'प्वॉइजन पिल' का सहारा लिया गया। अब मस्क ने ट्विटर बोर्ड को निशाने पर लिया है। एक ट्वीट का जवाब देते हुए मस्क ने कहा कि अगर उनका दांव सफल होता है तो ट्विटर बोर्ड की सैलरी जीरो डॉलर हो जाएगी। इसके साथ ही ट्विटर हर साल कम से कम 3 मिलियन डॉलर की बचत करेगी।

दरअसल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर गैरी ब्लैक ने एक ट्वीट किया जिसमें उन्होंने लिखा कि ट्विटर का बोर्ड ऑफ डायरेक्टर शेयर होल्डर्स के हित की रक्षा ठीक से नहीं कर पा रहा है। अगर वे ऐसा नहीं कर सकते हैं तो उन्हें रखने की क्या जरूरत है। उनकी जगह बोर्ड में नए लोगों को शामिल करने की जरूरत है जो अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझ सके। इसी के साथ ब्लैक ने कहा कि अगर टेस्ला प्रमुख एलन मस्क बोर्ड में शामिल होते हैं तो बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स बेरोजगार हो जाएंगे।

### बोर्ड सदस्यों के पास केवल 77 शेयर

क्रिस बेक नाम के यूजर ने एक ट्वीट किया और कहा कि अगर फाउंडर जैक डोर्सी को छोड़ दिया जाए ट्विटर के बोर्ड में शामिल 11 लोगों के पास कंपनी के कुल 77 शेयर हैं। जैक डोर्सी के पास 2.253 फीसदी हिस्सेदारी है। ऐसे में बोर्ड के किसी भी सदस्य का कंपनी से आर्थिक जुड़ाव नहीं है। वे सैलरी पर काम करते हैं। यही वजह है कि शेयर होल्डर्स के लिए वे ठीक से नहीं सोच रहे हैं।

## कोरोना के बढ़ते मामले के बीच भारी संख्या में हिमाचल पहुंच रहे हैं पर्यटक, 80 प्रतिशत होटल बुक

*टूरिज्म इंडस्ट्री स्टेकहोल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एमके सेठ ने कहा कि एडवांस बुकिंग के अलावा विशेष रूप से हरियाणा, पंजाब और दिल्ली से बड़ी संख्या में आने वाले पर्यटक वीकेंड के दौरान हिमाचल आते हैं।*

• **जालंधर ब्रीज.** शिमला






जहां एक ओर देश में कोरोन के मामलों में उछाल देखने को मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर हिमाचल में वाहनों की आवाजाही कोरोना के पहले के स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दिनों हजारों वाहनों ने शिमला के शोघी में प्रवेश किया। शिमला पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी कर कहा कि पिछले 36 घंटों में 11,567 से अधिक वाहनों ने शिमला में एंट्री की है और इससे अधिक वाहनों के आने की उम्मीद है। शिमला, मनाली और धर्मशाला में पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है, क्योंकि लगभग 80 प्रतिशत बुकिंग पहले से की जा चुकी थी। इससे होटल व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है।

टूरिज्म इंडस्ट्री स्टेकहोल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एमके सेठ ने कहा कि एडवांस बुकिंग के अलावा विशेष रूप से हरियाणा, पंजाब और दिल्ली से बड़ी संख्या में आने वाले पर्यटक वीकेंड के दौरान हिमाचल आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस को सुझाव दिए गए हैं।

**दिल्ली एनसीआर के मामलों से बढ़ी चिंता :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार देश में कोरोना वायरस के मामलों में सबसे ज्यादा मामले दिल्ली एनसीआर से सामने आए हैं। एनसीआर के स्कूलों में कोरोना के बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। नोएडा में पिछले 7 दिनों में 44 बच्चे कोरोना पॉजिटिवपाए गए हैं। इनमें से 16 बच्चे 18 साल से कम उम्र के हैं। नोएडा में अभी कोरोना के कुल 167 मामले हैं। सीएमओ ने जानकारी दी है कि प्रभावित बच्चे 26.3 प्रतिशत हैं। वहीं गौतमबुद्ध नगर में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 44 नए मामलों की पुष्टि हुई है। इनमें 15 बच्चे भी शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 44 नए मरीजों की पुष्टि की गई है। इनमें 15 बच्चे भी शामिल हैं। इन बच्चों के संक्रमित होने की जानकारी किसी स्कूल द्वारा नहीं दी गई है।

वहीं दिल्ली में कोरोना के मामलों में एक बार फिर उछाल देखने को मिला है। दिल्ली में कोरोना संक्रमण दर 4% के करीब हो गई है। वहीं एक्टिव मामलों की संख्या 1 हजार से पार हो गई है। दिल्ली में आज कोरोना के 366 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि कोरोना के किसी मरीज की मौत नहीं हुई है । दिल्ली सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 209 मरीज ठीक हुए हैं। वहीं 9275 लोगों के टेस्ट किए गए।

